Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding alleged irregularities in payment of compensation to farmers under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana in Bhiwani-Mahendragrah Parliamentary Constituency, Haryana.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी- महेंद्रगढ़): मेरे संसदीय क्षेत्र भिवानी-महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) के किसान सदैव प्राकृतिक आपदा का शिकार रहते हैं कभी ज्यादा बारिश तो कभी भारी ओलावृष्टि । इस बार भी एक महीने के अंदर दो बार भारी ओलावृष्टि हुई है । जिससे ज्यादातर फसल बर्बाद हो चुकी है । मेरा केन्द्र व राज्य सरकार से निवेदन है कि दोनों सरकारें मिलकर अन्नदाता की मदद करें । सरकार फसल की स्पेशल गिरदावरी करा कर जल्द से जल्द मुआवजे का प्रबंध करें । पिछले साल प्रधानमंत्री बीमा योजना में मेरे संसदीय क्षेत्र के करीब 400 गांवों के किसानों को बैंक व बीमा कंपनियों ने छह महीने बाद किसान द्वारा जमा कराई गई प्रीमियम राशि वापिस दी, बर्बाद फसल का मुआवजा नहीं । इस प्रकार की अनियमितताएं पूरे देश के किसानों के साथ हुई थी । इसलिए मेरी प्रार्थना है कि किसान के साथ की गई अनियमितता को रोकने के लिए हरियाणा में सर्व ग्रामीण बैंक को लीड बैंक से हटाकर किसी दूसरे बैंक को लीड बैंक का कार्य दिया जाए ।